# Central Bank Officers' Association

**LUCKNOW UNIT**

**(Affiliated to AICBOF / AIBOC)**


*Central Office :*
C/o Central Bank Of India
Zonal Office, 23 Vidhan Sabha Marg
Lucknow (U P)
Email Mail: dkakhilesh@gmail.com

*General Secretary's office*:
B 32/29 Saket Colony,
Near Sankat Mochan Mandir,
Lanka, Varanasi(UP)-221005
Mob:- 9760033883

Visit us @ www.cboalucknow.in


No : CBOA:GEN-1:2014-2015:13 10th March '2015

प्रिय साथियों,

संगठन की आँचलिक यूनिट की एक्जीक्युटिव कमेटी की बैठक दिनांक 8 मार्च 2015 को लखनऊ में अंबर होटल में आयोजित की गई. मीटिंग में एक्जीक्युटिव कमेटी के सदस्यों के साथ साथ लखनऊ शहर के सदस्यों ने भी सहभागिता की.

मीटिंग की अध्यक्षता श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव ने की. सर्वप्रथम नारी दिवस पर आयोजित की गई सभा में नारी सर्वशक्ति सम्मान के प्रतीक स्वरूप उपस्थित महिला सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट करने के पश्चात् नवबंर 2014 की जोनल कांफ्रेंस में चुनें गए नए पदाधिकारियों व डेलीगेट का स्वागत किया गया. अधोहस्ताक्षरी ने सदस्यों को संबोधित करते हुए सदस्यों को विगत दिनों शाखाओं में घटी धोखाधडी की घटनाओं की जानकारी देते हुए आह्वान किया कि बैंकिंग में दैनिक क्रियाकलापों में प्रबंधन द्वारा समय समय पर परिपत्रों के माध्यम से जारी किए गये दिशानिर्देशों के पालन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें. इसके साथ ही उच्चाधिकारियों के अनुचित आदेशों (यदि हों) को किसी भी प्रकार के दबाव में भी पालन न करें. हाल ही में हमारे कई साथियों को प्रबंधन द्वारा दी गई मेमो व चार्जशीटें प्रबंधन के आदेशों का आँखमूंद एवं अतिउत्साह से पालन करने का दुष्परिणाम है. आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि इनमें से कई अधिकारियों को प्रबंधन द्वारा पूर्व में प्रशंसापत्र व पुरस्कार भी दिए गये हैं.

व्यवसायिक निर्णयों के प्रतिकूल होने पर प्रबंधन द्वारा थोपी जा रही चार्जशीटों से अधिकारियों के बचाव के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय इकाई से 5-5 अधिकारियों को नामित करने के लिए अनुरोध किया गया ताकि उनके लिए 2 दिन की कार्यशाला आयोजित की जा सके.

हमने प्रस्ताव पास किया कि विभागीय जाँचो में चार्जशीट प्राप्त अधिकारियों के विरुद्ध प्रबंधन के इकतरफा निर्णयो को देखते हुए उनकी अपील तैयार करने के लिए प्रोफेशनल की सहायता ली जाए ताकि प्रबंधन से न्याय न मिलने की दशा में न्यायालय में अपील कर निर्दोष अधिकारियों को राहत दिलाई जा सके.

हमने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया कि प्रबंधन को आँचलिक व क्षेत्रीय संयुक्त वार्ताओं (Joint Discussion) हेतु वार्षिक कैलेडर देने के लिए पत्र लिखे जाएं.

आप सभी के सहयोग सहभागिता व नेतृत्व के प्रति विश्वास का ही परिणाम है कि सम्मानजनक वेतन समझौता संभव हो सका है जिसमें पेस्लिप घटक में 15 प्रतिशत की वृद्दि ( लगभग रु. 4,725 करोड की राशि)होगी एवं माह के दूसरे व चौथे शनिवार को पूर्ण अवकाश की भी सहमति हुई है. 90 दिवस में नए वेतनमान भी तय हो जाएंगें

अधोहस्ताक्षरी की आँचलिक स्तर के नेतृत्व में सक्रियता के कारण सदस्यों ने वाराणसी क्षेत्र के लिए नये नेतृत्व एवं टीम बनाने पर जोर दिया ताकि सदस्यों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके. तद्नुसार निम्न सदस्यों को वाराणसी यूनिट के पदाधिकारियों के रूप में को-आप्ट किया गया

| क्र सं | नाम | शाखा | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री एस के राय | बलिया | अध्यक्ष |
| 2 | श्री निशीथ कुमार सिंह | मंगारी बाजार | सचिव |
| 3 | श्री धनई प्रसाद | क्षेत्रीय कार्यालय | संयुक्त सचिव |

# Central Bank Officers' Association

**LUCKNOW UNIT**

**(Affiliated to AICBOF / AIBOC)**

*Central Office :*
C/o Central Bank Of India
Zonal Office, 23 Vidhan Sabha Marg
Lucknow (U P)
Email Mail: dkakhilesh@gmail.com

*General Secretary's office*:
B 32/29 Saket Colony,
Near Sankat Mochan Mandir,
Lanka, Varanasi(UP)-221005
Mob:- 9760033883

Visit us @ www.cboalucknow.in


| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्री अब्दुल अंसारी | नैनी | संगठन सचिव |
| 5 | सुश्री कोमल | रेवती | संगठन सचिव |
| 6 | श्री राजकुमार | बुनकर मार्केट | कोषाध्यक्ष |
| 7 | सुश्री संचिता श्रीवास्तव | केयूएमएस पहडिया | ईसी मेंबर |

संगठन की वेबसाइट www.cboalucknow.in को और आकर्षक व सदस्यों के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से संगठन के अनुभवी व युवा साथियों के सम्मिश्रण से आईटी टीम में निम्नलिखित सदस्यों को आम सहमति से चुना गया -

1. श्री अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक-आईटी जोनल ऑडिच आफिस
2. श्री अमित मिश्रा वरिष्ठ प्रबंधक-आईटी क्षेका कानपुर
3. श्री मनीष सिंह प्रबंधक-आईटी क्षेका लखनऊ
4. श्री उमेश कुमार सहायक प्रबंधक-आईटी क्षेका वाराणसी

क्षेत्रवार संगठन के सदस्यों की संख्या की समीक्षा में अवगत कराया गया कि अँचल के सभी क्षेत्रों में सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है फिर भी हमारा प्रयास है कि विशेष रुप से झांसी व कानपुर क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर हम अपने प्रतिद्वंदी संगठन को अल्पमत में ले आएं.

बेनोवेलेंट फंड स्कीम के बारे में चर्चा हुई इसमें अधिक से अधिक सदस्यों की सहभागिता बढाने के लिए प्रस्ताव किया गया कि सर्वप्रथम यह सुनिश्चित किया जाए कि एक्जीक्यूटिव मेंबर तक के सभी पदाधिकारियों को अनिवार्य रुप से बेनोवेलेंट फंड स्कीम में मेंबर बनें.

उक्त अवसर पर श्री कैलाश गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय सचिवों श्री निगम, श्री नागर, श्री दीक्षित, श्री नेबूलाल व श्रीयुत् शेषधर तथा श्री एमएम पांडेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए. श्री विवेक पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन किया.

Yours Sincerely,

**( A K Dwivedi )**

**General Secretary**